व्यक्तिगत	रोगी
नियमित	सूर्यास्त

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- रंजना मिश्रा

क्रमांक 1

4

का पठति? कौन पढ़ती है?
बालिका पठति लड़की पढ़ती है।
के पठत:? कौन दो पढ़ती हैं?
बालिके पठत: दो लड़कियां पढ़ती हैं।
का: पठन्ति? कौन सब पढ़ती हैं?
बालिका: पठन्ति
सभी लड़कियां पढ़ती हैं।

का जलं पिबति। कौन जल पीती है?
अजा जलं पिबति बकरी जल पीती है।
के जलं पिबत: कौन दो जल पीती हैं?
अजे जलं पिबत: दो बकरी जल पीती हैं
का जलं पिबन्ति
कौन सब जल पीती हैं।
अजा:जलं पिबन्ति।
बहुत सी बकरियां जल पीती हैं।

●शब्दार्थ●

शब्द	अर्थ
बालिका	लड़की
अजा	बकरी
पिब	पीना
पठ	पढ़ना
अजा:	बहुत सी बकरियाँ

अभ्यास प्रश्न

1.हिन्दी अर्थ लिखिये।
पठति
पठत:
जलं
अजा
अजा:
2.संस्कृत बनाओ।
अ. बकरी खाती है।
ब.बहुत सी बकरियां दौड़ती हैं।

●उत्तरमाला अंक 3●

1.रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये।
अ. क: धावति
ब. नर: खादति
स. अश्वा: धावन्ति।
द. नरौ खादत:
2.संस्कृत में लिखिये।
अ.गज: धावति।
ब.अश्व: धावति।
स.कौ खादत:।
द.नरा:धावन्ति।

विषय - गणित, पाठ- प्राकृतिक संख्याएं, प्रकरण- संख्या रेखा, कक्षा- 6

मिशन शिक्षण संवाद

प्राकृतिक संख्याओं का संख्या रेखा पर प्रदर्शन

एक रेखा खींचते हैं। उस पर समान दूरी के अन्तर पर बिन्दुओं को चिह्नित करेंगे। इन बिन्दुओं द्वारा क्रम से संख्याएँ 1, 2, 3, 4, 5, 6, ... निरूपित करेंगे

वस्तुओं की गिनती 1 से ही प्रारम्भ होती है, अत: हम कह सकते हैं। 1 सबसे छोटी एवं पहली प्राकृतिक संख्या है।

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये।

बढ़ी है (>) / छोटी है (<)	संख्या रेखा पर स्थित बाईं / दाईं ओर
3>2	2 की दाईं ओर 3 है
5>3	3 की दाईं ओर 5 हैं
8__7	7 की___ ओर 8 है
1<2	2 की बायीं ओर 1 है
3__4	4 की ____ ओर 3 है
2<5	5 की बायीं ओर 2 है
8__6	6 की ____ओर 8 है
10__12	12 की ___ ओर 10 है
3__5	5 की ____ ओर 3 है
7__4	4 की ____ ओर 7 है

गतिविधि

आपके स्कूल के बस्ते में जितनी भी वस्तुऐं हैं उन सभी की गिनती कर संख्या रेखा पर दिखाओ।

अभ्यास कार्य:

1.) संख्याएं 4 तथा 5 को संख्या रेखा पर अंकित करो।

2.) संख्या 7 का अनुवर्ती संख्या रेखा पर दिखाओ।

3.) संख्या 9 की पूर्ववर्ती संख्या रेखा पर दिखाओ।

4.) संख्या 4 व 6 के बीच की संख्या को संख्या रेखा पर दिखाओ।

5.) संख्या 6, 7 व 8 को संख्या रेखा पर दिखाओ।

उत्तर माला अभ्यास कार्यपत्रक संख्या 3 -

1.) 99999, 10000.

2.) 5 का स्थानीय मान 5000, 2 का 200, 3 का 30 तथा 1 का 1 है।

3.) 600, 6.

4.) 3330.

5.) 20000, 2000, 200, 20, 2; 22222.

6.) 495

निर्माण करने वाले शिक्षक का नाम -कविता गुप्ता, इगलासअलीगढ़ (कार्यपत्रक संख्या - 4)

आओ जाने :-

اردو قواعد

उर्दू व्याकरण, कलमा की परिभाषा

کلمہ-- وہ الفاظ جن کے کچھ معنی ہوتے ہیں کلمہ کہلاتےہیں۔

مہمل-- اور وہ الفاظ جن کے کوئی معنی نہیں ہوتی مہمل کہلاتے ہیں۔

جیسے-- قلم ولم۔کتاب وتاب,کھانا وانا,لکڑی وکڑی,وغیرہ

یہاں قلم, کتاب, کھانا,لکڑی,کلمہ ہیں اور ولم,وتاب,وان,وکڑی مہمل ہیں۔

कलमा :- वो अलफ़ाज़ जिन के कुछ मायने होते है कलमा कहलाते है|

महमल :- वो अल्फाज़ जिन के कोई मायने नहीं होते महमल कहलाते है |

उदारहण:- कलम वलम, किताब विताब, लकड़ी वकड़ी आदि |

अपने जाना की कलम. किताब, खाना, लकड़ी ये सभी कलमा है और वलम, वताब, वाना, वकड़ी ये सभी महमल है.

आओ जाने हम्द किसे कहते है,

اؤ جانے حمد کسے کہتے ہیں

وہ نظم ؛جس میں خدا کی تعریف کی جائے۔

گھر کا کام۔

1.इन शब्दों में से कलमा और महमल अलग अलग करके लिखें?

سوال1:- ان میں سے کلمہ اور مہمل الگ الگ کر کے لکھیں۔
1۔ کتاب وتاب,لوڑتا ووٹا,آم وآم لکڑی وکڑی

سوال2 حمد کسے کہتے ہیں؟

2.हम्द किसे कहते है?

पाठ का सारांश

राजा ने एक दिन अपने मंत्री से कहा," मुझे अपने लिए एक आदमी की जरूरत है। कोई तुम्हारी निगाह में जंचे तो लाना, पर इतना ध्यान रखना कि आदमी अच्छा हो।" बहुत बहुत दिनों की जांच-पड़ताल के बाद मंत्री को एक युवक जंचा। उसने युवक की नौकरी छुड़ा दी और उन्नति का आश्वासन देकर राजा के सामने पेश किया। बहुत देर तक तो राजा को अपनी बात हीयाद न आई,
बाद में बोले,"हॉ, उस समय शायद कोई बात मन में थी, पर मैंने अब तो कोई बात नहीं की है।" मंत्री ने कहा,
"हुजूर! मैंने इसे हजारों में से छांटा है
और बढ़िया नौकरी से छुड़ाकर लाया हूं।"
राजा ने कुछ सोच कर मंत्री से कहा के इस समय तो मेरे पास कोई काम नहीं है लेकिन अगर तुम कहते हो तो हम इसे अपने दफ्तर में चपरासी रख सकते हैं लेकिन इसे पंद्रह रुपए वेतन मिलेगा। राजा की यह बात मंत्री को बहुत बुरी लगी लेकिन वह युवक खुश था। उसने मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि, मैं बहुत खुश हूं क्योंकि मुझे अपने राजा की सेवा करने का मौका मिला।
मंत्री जो उस युवक को राजा के दफ्तर में छोड़ने गया तो दफ्तर की हालत देखकर मंत्री बहुत परेशान हुआ क्योंकि दफ्तर में चारों तरफ धूल और गंदगी थी। राजा कभी अपने दफ्तर नहीं जाता था और नहीं वहां बैठकर कोई काम करता था। युवक कई दिनों तक राजा के दफ्तर में सफाई करता रहा। राजा के उस दफ्तर में एक कमरा था जिसमें राजा को मिले अनेक कीमती उपहार कबाड़ के रूप में रखे हुए थे। उस युवक ने उन कीमती उपहारों का कबाड़ निकालकर बाजार में बेच दिया। उसे कई हजार रुपए मिले। उन रुपयो से उस युवक ने दफ्तर के लिए अच्छे फर्नीचर के साथ साथ अन्य जरूरी सामान खरीदें।
उसने अपने मेहनत से कुछ ही दिनों में दफ्तर को शाही दफ्तर का रूप दे दिया ।बचे पैसों को उसने सरकारी खजाने में जमा करा दिया। तभी कुछ चुगल खोरो ने राजा से जा कर उसकी शिकायत की,कि वह रुपए लुटा रहा है। एक दिन राजा गुस्साए हुए दफ्तर गएतो दफ्तर में देखकर दंग रह गए। राजा ने उससे पूछा कि दफ्तरकी सजावट तुमने किसके पैसे से किया है। उसने राजा को ऑफिस के कबाड़ी की सारी कहानी बताई और यह भी बताया कि बचे हुए रुपयों को उसने सरकारी खजाने में जमा करा दिया है।राजा उस युवक से बहुत प्रसन्न हुए और उसे अपने राज्य का वित्त मंत्री बना दिया।

शब्दार्थ

कृतज्ञता= उपकार मानना
आश्वासन= आशा दिलाना
पच्चीकारी= नक्काशी
चुगल खोर= शिकायत करने वाला
खजांची= खजाने का अधिकारी

उत्तरमाला पेज नं०३

१-
जगजीवन-------सत्यप्राण
भाव जो संसार रुपी जीवन में दीर्घ काल तक रहने वाला श्रेष्ठ सौंदर्य से परिपूर्ण और हृदय में सत्य धारण करने वाला हो
जिससे जीवन में---- अंधभक्ति भाव- हे प्रभु! मुझे ऐसी शक्ति दो जिससे मेरे अंदर भय,शक, संदेहऔर बिना सोच-विचार के किसी के प्रति निष्ठा रखने की भावना का उदय हो।

२-
1- मैं उसका प्रेमी बनू नाथ
जो हो मानव के हित समान।
2- मैं वह प्रकाश बन सकूं नाथ
मिल जाए जिसमें अखिल व्यक्ति।
3- ला सकूं विश्व में एक बार
फिर से नवजीवन का विहान।

३- अन्य शीर्षक- नवजीवन का विहान

Chapter:- 02 Sharing And Caring

Language Practice ➡ Substitution Table

Ques:- Frame the questions and their answers with the help of table given below (see example) :-

प्रश्न :- नीचे दी गई टेबल की सहायता से प्रश्न और उनके उत्तर बनाओ (उदहारण देखें):-

Was	the	duster	on the table	Yes, it was. No, it wasn't.
		glass		
Were		books		Yes, they were. No, they weren't.
		pens		

See this example and make your own sentence :-

Example:- 1 Ques:- Was the duster on the table??
Ans:- Yes, it was on the table.

Example:- 2 Ques:- Were the books on the table??
Ans:- No, they weren't on the table.

Do it yourself (यह स्वयं करो)

Ques:- Make atleast 5 questions using this table.

प्रश्न :- नीचे दी गई टेबल की सहायता से कम से कम 5 प्रश्न बनाओ।

What	is	your his her	favorite	color food movie music tv show city car sport	?

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- Priya Sharma, PS Siriyagarhi, Aligarh 9458278429

Sixth grade is a special place
See the big smile on my face
Our class is a great team,
We make our teachers beam,
We work hard each busy day,
Then out to the yard to play
Multiplication is fun
Nine times nine is eighty one,
Learn the math facts one through ten,
Practice again and again

New word

Word	उच्चारण	meaning
Grade.	ग्रेड	श्रेणी
Beam.	बीम	खुश
Yard.	यार्ड	मैदान
Facts.	फैक्ट्स	तथ्य
Ocean.	ओशन	महासागर
Progress	. प्रोग्रेस	प्रगति

हिंदी अनुवाद

छटी श्रेणी एक विशेष स्थान है, देखो मेरे चेहरे पर बड़ी मुस्कुराहट

हमारी कक्षा एक महान टीम है।

हम अपने अध्यापकों को खुश रखते हैं,फिर बाहर मैदान में खेलने जाते है।गुणा करना मजेदार है, नौ बार नौ इक्यासी होते हैं,एक से दस तक गणित तथ्यों को याद करना ,अभ्यास करना बार बार खेल खेलना ,गाना गाना ,बहुत सा मजा पूरे साल तक ,किताबें पढ़ना, कविताएं कहना, प्रत्येक दिन नई चीजें याद करना।

EXERCISES

1) प्रश्न उत्तर

A. How do you make your teachers beam?

B.What new things do you learn every day?

2) MATCH COLUMN 'A' WITH COLUMN 'B

A	B
see the big smile	each busy day
we work hard	poems to say
Nine times nine	on my face
Books to read	spelling too
Reading, writing	is eighty one

ANSWER SHEET

A.We make our teachers beam by listening to our teachers attentively and doing our doing our work timely.

B. We learn new things in every subjects even in activities like music,dance and sports ,we learn new things.

2) See the big smile on my face
We work hard each busy day
Nine times nine is eighty one
Books to read poem to say
Reading, wrriting spelling too

Rhyming words

Team. Beam
Song. Long
Ends. Friends
Day. Play
Made. Grade
Ten. Pen
Too Blue

EDUCATION IS A WAY TO GET SUCCESSS IN LIFE

दूसरा दिन

टापिक 2:- दैनिक जीवन में विज्ञान की देन

चित्र में दिखाये गये साधनों का उपयोग हम दैनिक आवश्यकताओं में करते हैं। कृषि कार्य शीघ्र हो इसलिए ट्रैक्टर व अन्य कृषि यन्त्र जैसे थ्रेशर मशीन, सीडड्रील, हार्वेस्टर आदि विज्ञान की ही देन है। घर बैठे देश-विदेश की जानकारी व मनोरंजन टेलीविजन व रेडियो द्वारा किया जाता है। गैस के चूल्हा द्वारा शीघ्र खाना पक जाता है। इससे समय और श्रम की बचत होती है तथा प्रदूषण भी कम होता है। यातायात के विभिन्न साधन जैसे रेलगाड़ी, कार, बस तथा वायुयान हैं जिनके द्वारा कुछ ही घंटों में लम्बी यात्रा तय की जा सकती है।

विज्ञान की खोजों के फलस्वरूप ही कृषि यंत्रों, यातायात एवं संचार के साधनों तथा अन्य अनेक प्रकार के साधनों एवं सामग्रियों का विकास सम्भव हो पाया है।

विज्ञान ने हमारी बहुत सी समस्यायें जो भोजन, स्वास्थ्य और यातायात से जुड़ी हैं, को सुलझाने में सहायता की है। पम्प तथा नहरें सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराती हैं। आज उत्तम बीज, उर्वरक तथा कीट नाशक दवायें उपलब्ध हैं। इसी प्रकार मनोरंजन के क्षेत्र में, संचार के क्षेत्र में, चिकित्सा के क्षेत्र में तथा शिक्षा के क्षेत्र में विज्ञान ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। समाचार पत्रों और रेडियो द्वारा हमें देश-विदेश में हो रही घटनाओं की जानकारी मिलती है।क्रिक्रेट मैच और देश-विदेश में होने वाले विभिन्न समारोहों का सीधा प्रसारण हम टेलीविजन पर देख सकते हैं, टेलीफोन और मोबाइल फोन द्वारा हम दूर स्थित किसी व्यक्ति से बात कर सकते हैं। यह सभी विकास विज्ञान द्वारा ही सम्भव हो पाये हैं। मनुष्य सदा ही अधिक ज्ञान प्राप्त करने और उसका सही रूप में अनुप्रयोग करने के लिए प्रयत्नशील रहा है। आप भी बहुत सी नयी खोजों के बारे में जानने को इच्छुक होंगे।

टापिक 2 से सम्बंधित अभ्यास के लिए प्रश्न:-

1)कृषि कार्य शीघ्र हो, इसमें विज्ञान की क्या देन हैं?
2)घर बैठे देश-विदेश की जानकारी व मनोरंजन किसके द्वारा किया जाता हैं?
3)किससे शीघ्र खाना पक जाता हैं और जिससे समय व श्रम की बचत होती है तथा प्रदूषण भी कम होता है?
4)यातायात के वे कौन से साधन है जिनके द्वारा कुछ ही घंटों में लम्बी यात्रा तय की जा सकती हैं?
5)किसके फलस्वरूप ही कृषि यंत्रों, यातायात एवं संचार के साधनों तथा अन्य अनेक प्रकार के साधनों एवं सामग्रियों का विकास सम्भव हो पाया है?
6)किसने हमारी बहुत सी समस्यायें जो भोजन, स्वास्थ्य और यातायात से जुड़ी हैं, को सुलझाने में सहायता की है?
7)समाचार पत्रों और रेडियो द्वारा हमें किसकी जानकारी मिलती हैं?
8)क्रिक्रेट मैच और देश-विदेश में होने वाले विभिन्न समारोहों का सीधा प्रसारण हम किस पर देख सकते हैं?
9)किसके द्वारा हम दूर स्थित किसी व्यक्ति से बात कर सकते है?
10)सभी विकास किसके द्वारा सम्भव हो पाये हैं?

टापिक 1 का उत्तर:-

1)उत्सुकता से
2)हर चीज को जानने समझने की
3)देखने, छूने, सूंघने, स्वाद चखने या सुनने के कारण
4)उत्सुकता के कारण
5)विज्ञान
6)सिद्धांत की रचना
7)गुरुत्वाकर्षण के कारण
8)सर आइजेक न्यूटन ने
9)वैज्ञानिक विधि के विभिन्न चरणों के द्वारा
10)आठ

पेज न0-1

बच्चों! क्या आपको अपने परदादा और परदादी का नाम मालूम है? वे क्या काम करते थे? वे कैसे रहते थे? वे कैसे दिखते थे? इसी प्रकार यदि हमें आज से हजारों वर्ष पहले के लोगों के बारे में जानना हो तो आप कैसे जानेंगे?
बच्चों! उनके बारे में जानने के लिए हम इतिहास का अध्ययन करते हैं।
इतिहास:- बीते हुए समय और उस समय के लोगों को समझने और जानने का एक साधन है इतिहास।
इतिहासकार:- अतीत से प्राप्त तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर बीते समय की जानकारी देने वालों कोइतिहासकार कहते हैं।

प्रागैतिहासिक काल:- अतीत में ऐसा भी युग था जब लोग लिखना नहीं जानते थे। उन लोगों के जीवन के विषय में हमें जानकारी उनके द्वारा छोड़ी गई वस्तुओं जैसे मिट्टी के बर्तन, खिलौने, हथियारों तथा औजारों से मिलती है। अधिकांशत यें वस्तुएं जमीन में दबी हुई होती हैं। खुदाई के दौरान यें हमें प्राप्त होती हैं। तो ऐसा समय जिस की जानकारी के लिए कोई भी लिखित सामग्री उपलब्ध नहीं है, पूर्व या प्रागैतिहासिक काल कहलाता है।

ऐतिहासिक काल:- जब मानव ने लिखना शुरू किया उसे कागज का ज्ञान नहीं था। वह लेखों को ताड़ पत्रों, भोज पत्रों और ताम्रपत्रों पर लिखता था।कभी-कभी लेख बड़ी शिलाओं, दीवारों, मिट्टी या पत्थर के छोटे-छोटे टुकड़ों पर भी लिखे जाते थे। आधुनिक इतिहास के विषय में हमें लिखित और मुद्रित दस्तावेजों से जानकारी मिलती है। जिस काल या समय के इतिहास के विषय में हमें लिखित और मुद्रित सामग्री से जानकारी मिलती है एवं उसे पढ़ा भी जा सकता है उस काल को ऐतिहासिक काल कहते हैं

पुरातत्व:- प्राचीन काल में मानव द्वारा प्रयोग में लाई गई वस्तुओं, उनके द्वारा निर्मित मंदिरों एवं इमारतों आदि के अवशेषों का अध्ययन पुरातत्व कहलाता है।
इनका अध्ययन करने वाले पुरातत्ववेत्ता कहलाते हैं।

अभ्यास प्रश्न

★सही कथन पर सही का निशान तथा गलत कथन पर गलत का निशान लगाइए।
(1) प्रागैतिहासिक काल को जानने के लिए हमारे पास लिखित सामग्री है। ( )
(2) प्राचीन काल के मानव कागज पर लिखते थे। ( )
(3)सिक्कों एवं अभिलेख से भी ऐतिहासिक जानकारी मिलती है।( )

ताडपत्र- ताड़ के पेड़ के चौड़े पर्त्ते।
भोजपत्र- भुर्ज नामक पेड़ की छाल
ताम्रपत्र- तांबे के पतले एवं चपटे टुकड़े।
स्तंभ लेख- पत्थर के खंभों पर लिखे लेख पत्र।
शिलालेख- पत्थर की चट्टानों पर लिखे लेख।

संख्या-

" कितनी वस्तुएँ हैं?" का जिससे बोध होता है, उसे संख्या कहते हैं*।*

जैसे- रजत के पास चार पेंसिल हैं| चार एक संख्या है|

संख्यांक-

संख्याओं को जिन संकेतों द्वारा व्यक्त करते हैं, उन्हें संख्यांक कहते हैं ।

0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8 और 9 संख्यांक हैं।

स्थानीय मान

किसी संख्या में प्रत्येक स्थान के संगत अंक का मान अलग-अलग होता है,इसे अंक का स्थानीय मान कहते हैं।

उदाहरण- संख्या 3477 में दोनों 7 के स्थानीय मान अलग-अलग ज्ञात कीजिए ।

हल:) 3477= 3000 + 400 + 70 + 7

हम देखते हैं कि दाहिनी ओर से

पहले 7 का स्थानीय मान = 7

तथा दूसरे 7 का स्थानीय मान= 70

गतिविधि-:

2, 3, 4, 5, 6 संख्यांकों के 5 कार्ड बनाओ। इनसे बनने वाली सभी संख्याओं को लिखो तथा सबसे छोटी और सबसे बड़ी संख्या भी बनाओ |

सबसे बड़ी एवं सबसे छोटी संख्या

एक अंक की सबसे बड़ी संख्या =9

एक अंक की सबसे छोटी संख्या =1

दो अंकों की सबसे छोटी संख्या=9+ 1=10

दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या =99

तीन अंकों की सबसे छोटी संख्या=99 + 1=100

तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या =999

चार अंकों की सबसे छोटी संख्या=1000

चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या =9999

अभ्यास प्रश्न

1-) निम्नांकित संख्याओं को संख्यांकों में व्यक्त कीजिए :

(i) चार सौ सत्ताईस (ii) तीन हजार पाँच सौ एक

2-) निम्नांकित संख्याओं को शब्दों में लिखिए :

(i) 7012 (ii) 98425

3-) निम्नांकित संख्याओं में अंकों को छाँटिए :

10, 11, 18, 0, 3

4-) 1, 2, 3 से बनने वाली तीन अंकों की सभी संख्याएँ लिखिए जबकि अंकों की पुनरावृत्ति न हो।

5-) 6, 7, 0, 5से चार अंकों की सबसे बड़ी एवं सबसे छोटी संख्या लिखिए।

6-) पाँच अंकों की सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्या लिखिए।

कार्य पत्रिका सं. 1

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- कविता गुप्ता, अलीगढ़ 9458278429

पहला दिन:-

टापिक 1:- दैनिक जीवन में विज्ञान की भूमिका

मनुष्य स्वभाव से सदैव ही जिज्ञासु प्रवृत्ति का रहा है। उसे हमेशा अपने आस-पास की दुनिया में घटने वाले प्रत्येक घटनाक्रम में कब, कहाँ, कैसे और क्यों जैसे प्रश्नों के उत्तर ढूँढ़ने की उत्सुकता होती है। वास्तव में विज्ञान की शुरुआत इसी उत्सुकता से होती है।

एक जिज्ञासु छात्र अंकित ने एक बार अपने शिक्षक से पूछा, "कोई भी चीज ऊपर फेंकने या छोड़ने के बाद जमीन पर क्यों गिर जाती है ? प्रेशर कुकर में खाना जल्दी कैसे बन जाता है ? दूध से दही कैसे बन जाता है ? फ्रिज में सामान ठण्डा कैसे रहता है ? चिड़िया कैसे उड़ती है ?" शिक्षक ने अंकित को समझाते हुए कहा कि आपके सभी सवाल हमारे आस-पास की दुनिया से सम्बन्धित हैं। मनुष्य में हर चीज को जानने समझने की उत्सुकता होती है। यह उत्सुकता देखने, छूने, सूँघने, स्वाद चखने या सुनने के कारण उत्पन्न होती है। उत्सुकता के कारण ही हमारे मन में तरह-तरह के सवाल उठते हैं। विज्ञान इन सवालों का उत्तर देने की कोशिश करता है।

जिज्ञासु छात्र अंकित ने कहा, ``ठीक है, लेकिन विज्ञान कैसे इन सवालों का उत्तर देता है ?"

शिक्षक ने बताया, यह जानने के लिए हमें यह समझना होगा कि वैज्ञानिक किस तरह कार्य करते हैं। वे, जिस समस्या का हल खोजना होता है, सबसे पहले, उसका सूक्ष्म अवलोकन करते हैं और उससे सम्बन्धित सभी जानकारियाँ एकत्रित करते हैं। एकत्रित जानकारी के द्वारा वे अपने उत्तर के बारे में कल्पना करते हैं। इस तरह किसी सिद्धान्त की रचना की जाती है। सिद्धान्त की रचना ही सवाल का सबसे अच्छा समाधान होता है। सिद्धान्त की पुष्टि के लिए बार-बार प्रयोग करना पड़ता है ताकि यह विश्वास होने लगे कि इस समस्या का सबसे अच्छा समाधान यही है।

शिक्षक ने बताया, जैसे अंकित का सवाल है कि वस्तुएँ हमेशा जमीन पर ही क्यों गिरती हैं ? आप रोज देखते हैं कि अगर आप कोई भी चीज हवा में उछालें या फेंके तो वह जमीन पर गिर जाती हैं। क्या ऐसा हर जगह और वस्तु के साथ होता है ? यह जानने के लिए आपको कई तरह की वस्तुओं के साथ विभिन्न स्थानों पर प्रयोग करना पड़ेगा।

अगर आप ऐसा करें तो पायेंगे कि हर तरह की वस्तु फूल, पत्थर, सिक्के, कपड़े आदि चाहे जहाँ से गिरायें वापस जमीन पर ही गिरते हैं। इसे देखकर महान वैज्ञानिक सर आइजेक न्यूटन ने यह निष्कर्ष निकाला कि पृथ्वी हर वस्तु को गुरुत्वाकर्षण के कारण अपनी तरफ खींचती है। जिसकी वजह से प्रत्येक वस्तु पृथ्वी पर गिरती है।

अंकित अपने प्रश्न का इतना सरल उत्तर पाकर उत्साहित हो गया।

शिक्षक ने अंकित के उत्साह को देखकर बताया कि ज्यादातर उत्तर सरल ही होते हैं, लेकिन उनके उत्तर या सिद्धान्त पाना अक्सर जटिल होता है। वैज्ञानिक किसी भी समस्या / जिज्ञासा का समाधान प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिक विधि के विभिन्न चरणों के द्वारा निष्कर्ष निकालते हैं और उससे समाज को लाभान्वित करते हैं। वैज्ञानिक विधि के विभिन्न चरण हैं:-

1. जिज्ञासा / प्रश्न करना 2. परिकल्पना 3. परीक्षण 4. निरीक्षण / विश्लेषण / वर्गीकरण
5. अभिलेखन 6. पुनर्विचार 7. निष्कर्ष निकालना 8. नये प्रयोग

अंकित अब विज्ञान के बारे में और अधिक जानने के लिए उत्सुक था। उसने पूछा, ``विज्ञान ने हमारे जीवन के लिए क्या-क्या किया है ?" इसकी जानकारी अगले दिन दिया जायेगा।

अब आज के अभ्यास के लिए प्रश्न (टापिक 1 से सम्बंधित):-

1)विज्ञान की शुरुआत किससे होती हैं?
2)मनुष्य में किस चीज की उत्सुकता रहती हैं?
3)मनुष्य में उत्सुकता किसके कारण उत्पन्न होती हैं?
4)किसके कारण हमारे मन में तरह-तरह के सवाल उठते हैं?
5)उत्सुकता के कारण उठे सवालों का जवाब देने की कोशिश कौन करता है?
6)किसकी रचना ही सवाल का सबसे अच्छा समाधान होता है?
7)किसके कारण पृथ्वी हर वस्तु को अपनी ओर खींचती हैं?
8)किस वैज्ञानिक ने यह निष्कर्ष निकाला कि पृथ्वी हर वस्तु को गुरुत्वाकर्षण के कारण अपनी तरफ खींचती है? जिसकी वजह से प्रत्येक वस्तु पृथ्वी पर गिरती है।
9)वैज्ञानिक किसी भी समस्या / जिज्ञासा का समाधान प्राप्त करने के लिए किसके द्वारा निष्कर्ष निकालते हैं?
10)वैज्ञानिक विधि के कितने चरण है?

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- अखिलेश कुमार, कम्पोजिट विद्यालय मखुनी, रानीपुर, मऊ

نظم خدا کی شان

اے زمین۔اسمان کے
مالک
ساری دنیاجہان کے
مالک
تیرے قبظےمیں سب
خدائی ہیں
تیرے ہی واستے بڈای
ہیں
تو ہئ ہیے سب کا
پالنے والا
لام سب کا نکالنے والا
بھوک۔میں تو ہمیں
کھلاتا ہے
پیاس میں تو ہمیں
پلاتا ہے।

नज़म-खुदा की शान

ऐ ज़मीन आसमान के मालिक
सारी दुनिया जहाँ के मालिक।
तेरे कब्ज़े में सब खुदाई है
तेरे ही वास्ते बड़ाई है।
तू ही है सब का पालने वाला
काम सब का निकलने वाला।
भूक में तू हमें खिलता है
प्यास में तू हमें पिलाता है।

الفاظ ۔ معیی

1۔۔جہان کے مالک۔۔۔دنیا بنانے والا(خدا)

2۔۔بڈای کرنا۔۔تعریف کرنا

शब्द......अर्थ

2.बड़ाई करना..तारीफ करना

1.. जहाँ के मालिक... खुदा(भगवान)

क्रमांक. 01

تشریح۔نظم کا متلب۔

شاعد نے اس نزم میں خدا کی رحمتوں اور نعمتوں کے بارے میں بتایا ہیں۔ےا خدا تمنے یہ دنیا بنائ۔زمین ۔اسمان بنایا۔اے خدا اپ ہی سب کے کام کرواتے ہیں۔کھانے کو کھانا اور پینے کو پانی دیا۔اپ ہی اس پوری دنیا کے نیزام کو چلاتے ہو۔

नज़म का अनुवाद|

इस नज़म मे खुदा की दी हुई रहमतो और नेमतों के बारे में बतया गया है. खुदा ने ये ज़मीं बनाई आसमान और ये पूरी दुनिया(संसार) बनाया| खुदा(भगवान) ही इस पूरी दुनिया का संचालक(चलाने वाला) है| भूक में हमें वो ही खिलता है प्यास में वो ही हमें पिलाता है|

Altaf Hussain Halli

संक्षिप्त जीवन परिचय

مختصر سوانح حیات

مولانا التاف حسین حلئ اردو کے مشہور شاعر ہونے کے عللوہ ایک اچھی شخصیت کے مالک بھی تھے۔حلی پانی پتھ میں کے رہنے والے تھے اور ۱۱نومبر ۱۸۳۶ میں وہی پیدا ہوے اور ان کا انتےکال ۳۰ ستمبر۱۹۱٤میں ہوا۔ حلی نے اردو میں بہت سی نظمیں ۔ غزل اور روبائیاں لکھی وہ اردو شاءری میں بلند مقام رکھتے تھے۔

मौलाना अल्ताफ हुसैन हाली उर्दू के मशहूर कवि और लेखक थे| उनका जन्म 11 नवंबर 1837 में पानीपथ में हुआ था और उन देहांत 30 सितम्बर 1914 में हुआ| उन्होंने उर्दू में ग़ज़ल- नज़म और रुबाई आदि लिखे.

سوالں کے جواب لکھیں **सवाल**

۱۔شاعر حلی کا پورا نام کیا بتائے؟
۲۔حلی کب پیدا ہوئے؟
۳۔حلی کا انتقال کب ہوا؟
٤۔ اس دنیا کو کسنے بنایا ؟
٥۔ہماری مشکلیں کون درو کرتا ہے؟

1.हाली का पूरा नाम क्या था?
2.हाली कब पैदा हुए?
3.हाली का इन्तेकाल कब हुआ?
4.इस दुनिया को किस ने बनाया?
5. हमारी मुश्किलें कौन आसान करता है?

श्लोक•

मातृभूमे!नमो मातृभूमे! नमः।

मातृभूमे! नमो मातृभूमे! नमः।
तव गिरिभ्यो नमस्ते नदीभ्यो नमः।
तव वनेभ्यो नमो जनपदेभ्यो नमः।
तव कणेभ्यो नमस्ते अणुभ्यो नमः।

सन्दर्भ- प्रस्तुत संस्कृत पंक्तियां हमारी पाठ्य पुस्तक संस्कृत पीयूषम के "भारत वंदना"नामक शीर्षक से चयनित हैं।यह संस्कृत वंदना 'पंडित वासुदेव द्विवेदी शास्त्री' जी द्वारा रचित है

प्रसङ्ग- प्रस्तुत पंक्तियों में भारत भूमि की प्राकृतिक विरासतों की वंदना की गई है।

भावार्थ- हे पवित्र भारत भूमि तुम्हे नमस्कार है! पवित्र मातृभूमि को नमस्कार है! मातृभूमि को नमस्कार है! मातृभूमि तुम्हारे पर्वतों को नमस्कार है,मन्द-मन्द बहती शीतल नीर वाली तुम्हारी नदियों को नमस्कार है,हरयाली से परिपूर्ण तुम्हारे वनों को नमस्कार है तुम्हारे जनपदों को नमस्कार है। तुम्हारे कण-कण को नमस्कार है, तुम्हारे अणुओं को नमस्कार है।

शब्द	***अर्थ***
मातृभूमे	हे मातृभूमि
नमः	नमस्कार
तव	तुम्हारे
गिरिभ्यः	पर्वतों को
नदिभ्यः	नदियों को
वनेभ्यः	जंगलों को
कणेभ्यः	कणों को
अणुभ्यः	अणुओं को

अभ्यास प्रश्न

1•श्लोक का अर्थ अपनी भाषा में लिखो।

2• प्रस्तुत संस्कृत वन्दना श्लोक को कंठस्थ कीजिये।

3• शब्दार्थ को अपनी कॉपी में लिखकर कंठस्थ करो।

4• 'भारत वन्दना' के रचयिता कौन हैं?

जग जीवन में जो चिर महान
सौंदर्य पूर्ण औ सत्य -प्राण
मैं उसका प्रेमी बनूं नाथ!
जो हो मानव के हित समान!
जिससे जीवन में मिले शक्ति
छूटे भय, संशय, अन्धभक्ति

सुमित्रानंदन पंत

प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी का जन्म 20 मई सन्1900 ई०में अल्मोड़ा के निकट कौसानी ग्राम में हुआ था। इनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव की ही पाठशाला में हुई। इनकी साहित्यिक सेवा के लिए भारत सरकार ने इन्हें पदम-भूषण सम्मान से विभूषित किया। इनकी प्रमुख रचनाएं है- वीणा,ग्रंथि, पल्लव गुंजन,चिदंबरा आदि।पंत जी का निधन 28 दिसंबर सन्1977 ई० को हुआ।

भावार्थ-

प्रस्तुत कविता में कवि ईश्वर से लोक कल्याण और मानवता की सेवा करने की शक्ति प्राप्त करने के लिए प्रार्थना करता

अर्थ- कवि ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहता है कि हे प्रभु !मैं उसका प्रेमी बनू जो समान रुप से मनुष्य का कल्याण करने वाला हो; संसार रूपी जीवन में जो दीर्घ काल तक रहने वाला हो;श्रेष्ठ सौंदर्य से परिपूर्ण और हृदय में सत्य धारण करने वाला हो जिससे जीवन में शक्ति प्राप्त हो तथा भय ,शक ,संदेह और अंधविश्वास के प्रति निष्ठा रखने की भावना का निवारण हो सकें।

शब्दार्थ-

जगजीवन= संसार के लोगों के जीवन में
सत्य प्राण= जिसका हृदय सत्य से भरा हुआ हो
चिर= दीर्घ काल तक रहने वाला
मानव के हित समान= जो मनुष्य का हितेषी हो
महान=बडा
संशय=संदेह
भय=डर

अभ्यास कार्य

१- सुमित्रानंदन पंत जी का जन्म कब और कहां हुआ?
२- पंत जी की प्रमुख रचनाएं कौन-कौन सी हैं?
३ कवि किस के कल्याण के लिए प्रार्थना करता है?

अंगूर का गुच्छा बनायें और रंग भरें।

1



2





3

4

केवल अंतिम चित्र को अपनी कॉपी पर बनायें।

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- चेतना सिंह (प्राथमिक विद्यालय इमरता) 9458278429

क्रमांक-01

निम्न चित्रों को ध्यान से देखें और समझें-

भाषा और व्याकरण

1-राम-श्याम फोन पर बातें कर रहे हैं।
2-रवि पत्र लिख रहा है।
3-ट्रैफिक लाइट संकेत दे रही है।

जब हम बोलकर,लिखकर व संकेतों के माध्यम से अपनी बात पहुँचाते हैं तो वह भाषा कहलाती है।

भाषा विचारों को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है।

भाषा के रूप 1-मौखिक भाषा 2-लिखित भाषा 3-सांकेतिक भाषा

1-मौखिक भाषा- जब हम बोलकर अपने विचार प्रकट करते हैं या दूसरों के विचारों को सुनकर समझतें हैं तो वह भाषा का मौखिक रूप कहलाता है।

2-लिखित भाषा- जब हम लिखकर अपने विचार दूसरों तक पहुँचाते हैं या पढ़कर दूसरों के विचार जानते हैं तो वह भाषा का लिखित रूप कहलाता है।

3-सांकेतिक भाषा- जब हम संकेतों से भावों को व्यक्त करते हैं या समझते हैं तो वह भाषा सांकेतिक भाषा कहलाती है।

लिपि-भाषा लिखने के लिए जिन चिन्हों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें लिपि कहते हैं। विभिन्न भाषाओं की लिपियाँ भिन्न होती हैं।

भाषाएँ	लिपियाँ
1-हिन्दी	देवनागरी
2-अंग्रेजी	रोमन
3- पंजाबी	गुरुमुखी
4- संस्कृत।	देवनागरी
5-अरबी	अरबी

गृहकार्य-1-भाषा समझें व शुद्ध उच्चारण करने का प्रयास करें।

व्याकरण - वह शास्त्र है जिसके द्वारा किसी भी भाषा के शुद्ध रूप का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करते हैं।

व्याकरण के तीन अंग हैं

1-वर्ण 2-शब्द 3-वाक्य

वर्ण-भाषा की सबसे छोटी इकाई जिसके खण्ड नहीं किए जा सकते,वर्ण कहलाते हैं। जैसे--अ,आ,च,ट,र,आदि।

शब्द- वर्णों का सार्थक समूह शब्द कहलाता है। जैसे- अमन, भजन आदि।

वाक्य- शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहा जाता है। जैसे- हमें अपना काम स्वयं करना चाहिए।

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- प्रवीणा दीक्षित Kgbv Kasganj

आओ सुन्दर सा अन्नानास बनायें।

1

2

केवल अंतिम चित्र को अपनी कॉपी पर बनायें।

3

4



5

सूरजमुखी का फूल बनायें।

1

2

3

4



केवल अंतिम चित्र को अपनी कॉपी पर बनायें।

5

6

अपशिष्ट पदार्थ

वे पदार्थ एवं वस्तुएं जिनकी आवश्यकता हमें नहीं होती है तथा जिन्हें हम फेंक देते हैं उन्हें हम अपशिष्ट पदार्थ या कचरा कहते हैं।

कचरे के प्रकार---- कचरा तीन प्रकार का होता है।

ठोस अपशिष्ट

(क) सब्जी एवं फलों के छिलके
(ख) टूटे फूटे बर्तन
(ग) कांच
(घ) प्लास्टिक एवं लोहे के अनुपयोगी सामान
(ङ) खेतों से निकलने वाले डंठल एवं भूसी आदि।

द्रव अपशिष्ट

(क) नालियों और सीवर का गन्दा पानी और उर्वरक
(ख) विभिन्न उद्योगों से निकलने वाला गन्दा और विषैला पानी ।

गैसीय अपशिष्ट

(क) लकड़ी. तथा कोयले से निकलने वाला धुआं ।
(ख) कारखानों की चिमनियों से निकलने वाला धुआं
(ग) कार, बस , ट्रक आदि से निकलने वाला धुआं।
(घ) कुड़ा-करकट एवं मरे हुए जीवों से निकलने वाली गैसों की बदबू ।

ई-कचरा

घर और आफिस से ई-कचरा अर्थात इलेक्ट्रॉनिक कचरा भी निकलता है जैसे-- कम्प्यूटर, मोबाइल, बैटरी , टी०वी०,फ्रिज, वाशिंग मशीन, ए०सी० आदि

अपशिष्ट संग्रह का प्रभाव

अपशिष्ट या कचरा अगर इकठ्ठे होते रहते हैं तो पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक होते हैं तथा मनुष्य के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डालते हैं।

भोपाल गैस त्रासदी

दिसम्बर 1984 में भोपाल यूनियन काबाईड पेस्टीसाइड फैक्ट्री से मेथिल आइसो सायनाइड गैस का रिसाव हुआ। इस गैस ने लाखों को प्रभावित किया तथा हजारों पीड़ितों की मृत्यु हो गई। बहुत लोग अनेक बीमारियों जैसे - कैंसर, सांस फूलना आदि से ग्रसित हो गए।

डी०डी०टी० का प्रयोग

फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को नष्ट करने के लिए डी०डी०टी० का प्रयोग किया जाता है।यह रसायन कीटों के साथ-साथ मानव व दूसरे जीवों के लिए भी बहुत हानिकारक है यह लम्बे समय तक मिट्टी में रहता है और नष्ट नहीं होता है

मीनीमाता रोग

पारा एक धातु है जो सामान्य ताप पर तरल अवस्था में रहता है। यह आसानी से वाष्पीकृत होकर वातावरण में घुल जाता है और लम्बे समय तक बना रहता है यह सभी जीवों के तंत्रिका तंत्र, फेफड़ों और गुर्दों को नुकसान पहुँचाता है। 1950 में की एक फैक्ट्री ने मिनीमाता खाड़ी में पारे के कचरे को फेंक दिया।खाड़ी की मछलियों को खाने से वहां के लोग तंत्रिका तंत्र से संबंधित एक रोग से ग्रसित हो गए जिसे मिनीमाता रोग कहा जाता हैं।

गृह - कार्य

मिलान कीजिए

अ	ब
ठोस अपशिष्ट	कम्प्यूटर, मोबाइल
द्रव अपशिष्ट	तंत्रिका तंत्र
गैसीय अपशिष्ट	मेथिल आइसो साइनाइड
ई-कचरा	सीवर का पानी
मीनीमाता	कारखानों का धुआं
भोपाल गैस त्रासदी	पालीथीन

उत्तरमाला पेज- 03

1- मिट्टी (भूमि)
2- वायुमण्डल
3- 70%
4- सूर्य

आइये! आज उच्चारण के आधार पर व्यंजनों के भेद जानें-

श्वांस वायु की मात्रा के आधार पर किए गए उच्चारण के आधार पर व्यंजनों के दो भेद हैं-



क-अल्पप्राण (Non-aspirated)
ख-महाप्राण (Aspirated)

क- अल्पप्राण- जिन व्यंजनों का उच्चारण करते समय श्वांस में वायु की मात्रा कम और धीमी निकलती है, उन्हें अल्पप्राण व्यंजन कहा जाता है।
जैसे-क्, ग्, ङ्, च्, ज्, द्, ड्, ण्, त्, द्, न्, प्, ब्, म्, य्, र्, ल्, व् ।

ख- महाप्राण- जिन व्यंजनों के उच्चारण में वायु अधिक मात्रा में जोर से निकलती है, उन्हें महाप्राण कहते हैं।
जैसे-ख्, घ, छ्, ठ्, ढ्, थ्, ध्, फ्, भ्, श्, ष्, स्, ह्।

वर्णों का उच्चारण स्थान- मुँह के जिस भाग से जिस वर्ण का उच्चारण किया जाता है, वह उस वर्ण का 'उच्चारण स्थान' कहलाता है।

उच्चारण स्थान	स्वर	वर्ण	ऊष्म	अंतस्थ	नाम
मुँह और नासिका	अ आ	क वर्ग	ह्	××××	कण्ठ्य
तालु	ई	च वर्ग	श्	य्	तालव्य
मूर्धा	ऋ	ट वर्ग	ष्	र्	मूर्धन्य
दन्त	××××	त वर्ग	स्	ल्	दन्त्य
ओष्ठ	उ ऊ	प वर्ग	××××	××××	ओष्ठ्य
कण्ठताल्	ए ऐ	अं ङ् ञ्	××××	××××	कण्ठ्तालव्य
मुख और नासिका	××××	ण् न् म्	××××	××××	मुखनासिक्य
कण्ठोष्ठ	ओ औ	××××	××××	××××	कण्ठोष्ठय
दन्तोष्ठ	××××	××××	××××	व्	दन्तोष्ठ्य

गाइडिंग की उत्पत्ति

24 दिसम्बर, 1909 को क्रिस्टल पैलेस, लंदन में ब्वाय स्काउट की रैली का आयोजन हुआ जिसमें 11000 स्काउट्स एकत्र हुए। जब सब स्काउट्स अपने निश्चित स्थान पर खड़े हुए तभी 7 लड़कियां खाकी वर्दी में मार्च करते हुए आईं और मैदान में खड़ी हो गईं। अचानक उन्हें देखकर आयोजक चकित हो गए। पूछने पर उनके लीडर ने उत्तर दिया कि हम गर्ल स्काउट हैं (क्योंकि उस समय बालकों को ब्वाय स्काउट कहा जाता था)। इन स्वयंभू गर्ल की लगन देखकर लार्ड बेडेन पावेल को लड़कियों के लिए भी संस्था खोलनी पड़ी जिसका नाम रखा गया गर्ल गाइड। इस प्रकार 1910 में लार्ड बेडेन पावेल की बहन मिस एगनिस बेडेन पावेल की सहायता से लड़कियों के लिए गाइडिंग की स्थापना हुई।

बहुत शीघ्र ही ब्वॉय स्काउट व गर्ल गाइड आन्दोलन विश्व के अनेक देशों में फैल गया। जहाँ-जहाँ अंग्रेजों का शासन था, वहां अंग्रेज बच्चों के लिए स्काउटिंग व गाइडिंग शुरू हो गई। अमेरिका में स्काउट आन्दोलन शुरू करने का श्रेय जे0डी0 विलियम वायस को है। विलियम इंग्लैण्ड में एक बालक (जो स्काउट था) के सेवा कार्य से प्रभावित हुए थे।

भारत में स्काउट गाइड का प्रारम्भ

भारत में वर्ष 1909 में स्काउटिंग और वर्ष 1911 में गर्ल गाइडिंग आरम्भ हुई। बंगलौर में पहला स्काउट ट्रुप और पहली गाइड कम्पनी खुली। अनेक शहरों में ट्रुप खुले जिनका सीधा सम्पर्क लंदन से था, परन्तु ये संस्थाएँ विदेशी बच्चों के लिए थीं।

श्रीमती एनी बेसेन्ट ने भारतीय बच्चों को भी स्काउटिंग में प्रवेश देने के लिए दिल्ली लेजिस्लेटिव एसेम्बली में जोरदार भाषण दिया। पंडित मदन मोहन मालवीय और डॉ0 हृदय नाथ कुंजरू ने भी इसके लिए प्रयास किया, परन्तु अंग्रेज सरकार पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। भारतीय बच्चों के लिए स्काउटिंग का द्वार बन्द ही रहा। अतः स्वतंत्र रूप से स्काउटिंग से मिलती-जुलती संस्थाएँ भारतीय बच्चों के लिए खोली गईं, जिसमें 1914 में एनी बेसेन्ट ने "सन्स एण्ड डॉटर्स ऑफ इण्डिया" नामक संस्था खोली, कुछ अन्य लोगों ने भी संस्थाएँ खोलीं। शाहजहाँपुर में पंडित श्रीराम बाजपेयी ने वर्ष 1914 में "लोक सेवा बालक दल" की स्थापना की जिसके अध्यक्ष मालवीय जी और सचिव पंडित हृदय नाथ कुंजरू थे। जे0 आई0 आईजक ने मद्रास में "ब्वाय शिकारी मूवमेन्ट" चलाया, वी0 आर0 चेयरमैन ने "स्कूल ब्वांॅय लीग ऑफ ऑनर" संस्था बनाई। भागलपुर (बिहार) में "ब्वॉयज लीग फॉर मोशन सर्विस" खुली। सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल, बनारस के हेडमास्टर डॉ0 जी0एस0 आशुतोष ने "कैडेट कोर" नामक संस्था खोली।

अभ्यास प्रश्न

1- अमेरिका में स्काउट आन्दोलन की शुरुआत किसने की थी?
2- प्रथम व्वाय स्काउट रैली का आयोजन किस वर्ष हुआ था?
3- भारत में स्काउट की शुरुआत कब हुई?

उत्तरमाला पेज 3

1. राबर्ट स्टीफेन्सन स्मिथ बेडेन पावेल
2. स्वयं करें।

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम-

मिशन शिक्षण संवाद

आओ बच्चों मोर बनायें।

केवल अंतिम चित्र को कॉपी पर बनायें।

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- नीरा चौहान प्रा०वि० फुगाना–2 9458278429

अपशिष्ट का निस्तारण

पर्यावरण में बढ़ता प्रदूषण मानव व अन्य जीवधारियों के लिए सबसे बड़ा ख़तरा है अतः कचरे का सही प्रबंधन तथा उसका निस्तारण करना स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिये बहुत जरूरी है इसके लिए **4R** बताए गए हैं

ठोस अपशिष्ट पदार्थों का निस्तारण

1- जलाकर

अस्पतालों से निकलने वाला ठोस कचरा संक्रमित होता है।इसलिए इसे विशेष प्रकार की भट्टियों में जलाना चाहिए।

2- भूमि भरण

ठोस कचरे को बंजर भूमि में दबा देना चाहिए

3- कम्पोस्टिंग

फलों एवं सब्जियों के छिलके, पत्तियाँ ,जानवरों का मल-मूत्र आदि गड्ढे में दबा कर मिट्टी से ढक देना चाहिए । यह कचरा **2-3** महीनों में जैविक खाद में बदल जाता है इसे कम्पोस्टिंग कहते हैं।

सार्वजनिक स्थानों पर हरे और नीले रंग के कूड़ेदान रखे जाते हैं हरे रंग के कूड़ेदान में गीला कचरा तथा नीले रंग में सूखा कचरा डाला जाता है।

गीला कचरा सूखा कचरा

द्रव अपशिष्ट का निस्तारण

द्रव अपशिष्ट को उपचारित करने के बाद जल स्रोतों में मिलाना चाहिए। शहरों में सीवेज सिस्टम से गंदे पानी का निकास होता है जब कि ग्रामीण क्षेत्रों में सोकपिट बनाया जाता है

गैसीय अपशिष्ट का निस्तारण

ईंट भट्ठों/उद्योगों की चिमनियों को ऊँचा करके तथा उनमें धूम्र अवक्षेपक लगाकर तथा घरेलू ईधन के रूप में एल०पी०जी० का प्रयोग करके गैसीय अपशिष्ट का निस्तारण किया जाता है।

गृह कार्य

1- R1 = _____. 2- R4=_____
3-कचरे का सही प्रबंधन एवं निस्तारण ____एवं_____ के लिए जरूरी है।
4- नीले रंग का कूड़ेदान ____कचरा5- हरे रंग का कूड़ेदान _____ कचरा
6- उद्योगों की चिमनियों को ऊँचा करके उसमें _____ लगाना चाहिए।

उत्तरमाला पेज -04

कबड्डी

कबड्डी एक ऐसा खेल है, जिसमे कई खेलें मिश्रित हैं. इसमें रेसलिंग, रग्बी आदि खेलों का मिश्रण देखने मिलता है, इसका मुकाबला दो दलों के बीच होता, ये जहाँ एक तरफ बहुत ही ज़बरदस्त खेल है वहीँ दूसरी तरफ़ कई कसरतों का मेल भी है, समय के साथ इस खेल का बहुत विकास हुआ है। आज ये ज़िला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेला जा रहा है। बहुत बड़े पैमाने पर खेले जाने की वजह से कई नौजवान कबड्डी में दिलचस्पी भी लेने लगे हैं, और अपने क्षेत्र के कबड्डी क्लब से जुड़कर कबड्डी के ज़रिये अपना भविष्य और अपनी पहचान बनाने की कोशिश में लगे है। इस खेल को विभिन्न जगहों में विभिन्न नाम से जाना जाता है। जैसे तमिलनाडु में कबड्डी को चादूकट्टू, बंगलादेश में हद्दू, मालद्वीप में भवतिक, पंजाब में कुड्डी, पूर्वी भारत में हू तू तू, आंध्र प्रदेश में चेडूगुडू के नाम से जाना जाता है. कबड्डी शब्द मूलतः एक तमिल शब्द 'काई- पीडी' शब्द से बना है जिसका मतलब है हाथ थामे रहना, तमिल शब्द से निकलने वाला शब्द कबड्डी उत्तर भारत में बहुत मशहूर है।

इस खेल का उद्भव प्राचीन भारत के तमिलनाडू में हुआ था। आधुनिक कबड्डी इसी का संशोधित रूप है, जिसे विभिन्न जगहों पर अन्य कई नामो से जाना जाता है। ये विश्वस्तरीय ख्याति सन 1936 में बर्लिन ओलिंपिक से मिली। सन 1938 में इसे कलकत्ता में राष्ट्रीय खेलों में सम्मिलित किया गया। सन 1950 में अखिल भारतीय कबड्डी फेडरेशन का गठन हुआ और कबड्डी खेले जाने के नियम मुक़र्रर किये गये। इसी फेडरेशन को 'अमैच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ़ इंडिया' के नाम से सन 1972 में पुनर्गठित किया गया। इसका प्रथम राष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में इसी साल खेला गया।

कबड्डी को जापान में भी बहुत ख्याति मिली। वहाँ इस खेल को सुंदर राम नामक भारतीय सन 1979 में सबके सामने रखा। सुंदर राम उस समय 'अमैच्योर कबड्डी' के एशियाई फेडरेशन की जानिब से इस खेल को लेकर जापान गये थे। वहाँ उन्होंने लोगों के साथ मिल कर दो महीने तक इसका प्रचार किया। सन 1979 में इस खेल का भारत और बांग्लादेश के बीच का मुकाबला भारत में ही खेला गया। सन 1980 में इस खेल के लिए एशिया चैंपियनशिप का आग़ाज़ किया गया। जिसमे भारत ने बांग्लादेश को हरा कर इस टूर्नामेंट को जीता। इस टूर्नामेंट में इन दो देशों के अलावा नेपाल, मलेशिया और जापान भी थे। इस खेल को एशियाई खेल में सन 1990 में शामिल किया गया। इस दौरान इस खेल को बीजिंग में कई अन्य देशों के बीच मुकाबले के साथ खेला गया।

उत्तरमाला पेज 4

1. जे0 डी0 विलियम वायस
2. 24 दिसम्बर 1909 लंदन में।
3. 1909 में।

गतिविधि

मिलान करें -

तमिलनाडु	हू तू तू
बंगलादेश	कुड्डी
मालदीव	हद्दू
पंजाब	भवतिक
पूर्वी भारत	चाटूकट्टू

मिशन शिक्षण संवाद

झोपड़ी बनायें और रंग भरें।



निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- नीरा चौहान प्रा०वि०फुगाना-2 ,मुजफ्फरनगर 9458278429

मिशन शिक्षण संवाद

अपशिष्ट पदार्थ

वे पदार्थ एवं वस्तुएं जिनकी आवश्यकता हमें नहीं होती है तथा जिन्हें हम फेंक देते हैं उन्हें हम अपशिष्ट पदार्थ या कचरा कहते हैं।
कचरे के प्रकार---- कचरा तीन प्रकार का होता है।

ठोस अपशिष्ट

(क) सब्जी एवं फलों के छिलके
(ख) टूटे फूटे बर्तन
(ग) कांच
(घ) प्लास्टिक एवं लोहे के अनुपयोगी सामान
(ङ) खेतों से निकलने वाले डंठल एवं भूसी आदि।

द्रव अपशिष्ट

(क) नालियों और सीवर का गन्दा पानी और उर्वरक
(ख) विभिन्न उद्योगों से निकलने वाला गन्दा और विषैला पानी ।

गैसीय अपशिष्ट

(क) लकड़ी, तथा कोयले से निकलने वाला धुआं ।
(ख) कारखानों की चिमनियों से निकलने वाला धुआं
(ग) कार, बस , ट्रक आदि से निकलने वाला धुआं।
(घ) कुड़ा-करकट एवं मरे हुए जीवों से निकलने वाली गैसों की बदबू ।

ई-कचरा

घर और आफिस से ई-कचरा अर्थात इलेक्ट्रॉनिक कचरा भी निकलता है जैसे-- कम्प्यूटर, मोबाइल, बैटरी , टी०वी०,फ्रिज, वाशिंग मशीन, ए०सी० आदि

अपशिष्ट संग्रह का प्रभाव

अपशिष्ट या कचरा अगर इकट्ठे होते रहते हैं तो पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक होते हैं तथा मनुष्य के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डालते हैं।

भोपाल गैस त्रासदी

दिसम्बर 1984 में भोपाल यूनियन काबाईड पेस्टीसाइड फैक्ट्री से मेथिल आइसो सायनाइड गैस का रिसाव हुआ। इस गैस ने लाखों को प्रभावित किया तथा हजारों पीड़ितों की मृत्यु हो गई। बहुत लोग अनेक बीमारियों जैसे - कैंसर, सांस फूलना आदि से ग्रसित हो गए।

डी०डी०टी० का प्रयोग

फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को नष्ट करने के लिए डी०डी०टी० का प्रयोग किया जाता है।यह रसायन कीटों के साथ-साथ मानव व दूसरे जीवों के लिए भी बहुत हानिकारक है यह लम्बे समय तक मिट्टी में रहता है और नष्ट नहीं होता है

मीनीमाता रोग

पारा एक धातु है जो सामान्य ताप पर तरल अवस्था में रहता है। यह आसानी से वाष्पीकृत होकर वातावरण में घुल जाता है और लम्बे समय तक बना रहता है यह सभी जीवों के तंत्रिका तंत्र, फेफड़ों और गुर्दों को नुकसान पहुँचाता है। 1950 में की एक फैक्ट्री ने मिनीमाता खाड़ी में पारे के कचरे को फेंक दिया।खाड़ी की मछलियों को खाने से वहां के लोग तंत्रिका तंत्र से संबंधित एक रोग से ग्रसित हो गए जिसे मिनीमाता रोग कहा जाता है।

गृह - कार्य

मिलान कीजिए

अ	ब
ठोस अपशिष्ट	कम्प्यूटर, मोबाइल
द्रव अपशिष्ट	तंत्रिका तंत्र
गैसीय अपशिष्ट	मेथिल आइसो साइनाइड
ई-कचरा	सीवर का पानी
मीनीमाता	कारखानों का धुआं
भोपाल गैस त्रासदी	पालीथीन

उत्तरमाला पेज- 03

1- मिट्टी (भूमि)
2- वायुमण्डल
3- 70%
4- सूर्य

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- शबनम तौक़ीर (लखनऊ),शीला सिंह (गाज़ीपुर)

स्काउट गाइड की जानकारी

वर्तमान स्काउटिंग गाइडिंग में प्रवेश से लेकर राष्ट्रपति अवार्ड तक निर्धारित विषयों व क्रियाकलापों में अधिकांश तथ्य हमारे देश में पूर्व से ही विद्यमान थे। हमारे ऋषि, मुनि, आचार्य प्रकृति की गोद में आश्रम बनाकर पठन-पाठन करते थे। उस समय अनेक ऐसी दक्षताएँ जिनका आधुनिक स्काउटिंग में समावेश किया गया है, का प्रयोग किया जाता था। उदाहरण के लिए कुटिया या तम्बू बनाना, सामग्री रखने के लिए गैजेट्स बनाना, बिना बर्तन के खाना बनाना, प्रकृति अध्ययन, पशु-पक्षियों का अध्ययन एवं उनसे मित्रता, टोली निर्माण, रात में अलाव जलाकर मनोरंजन करना आदि।

आधुनिक स्काउट गाइड आन्दोलन के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल जिनका पूरा नाम राबर्ट स्टीफेन्सन स्मिथ बेडेन पावेल था, अंग्रेजी सेना के अधिकारी थे। उन्होंने बाल्यकाल से लेकर फौज के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए विश्व के अनेक देशों में अपनी फौज के साथ रहकर युद्धों में भाग लेकर जो कुछ भी देखा एवं अनुभव किया, उसी से प्रेरित होकर स्काउटिंग का शुभारम्भ किया।

अभ्यास प्रश्न

प्र.1 स्काउटिंग के जन्मदाता का पूरा नाम क्या है ?

प्र. 2 स्काउट गाइड के प्रतीक चिन्ह का चित्र बनाएं।

उत्तरमाला पेज 2

1. मानसिक, नैतिक एवं सामाजिक।
2. 2 व 3 का उत्तर स्वयं लिखें।
4. (क) मानसिक
(ख) शारीरिक, मानसिक
(ग) जूडो, कराटे

प्रमुख घटनाक्रम

1. बेडेन पावेल बाल्यकाल में अपने भाइयों के साथ टोली बनाकर बाहरी जीवन, नौका चालन, समुद्र में
तैरना, शिविर लगाना, खाना पकाना व साहसिक क्रिया कलापों में भाग लेते थे। इस टोली के नायक उनके बड़े भाई थे।
2. बेडेन पावेल का स्कूल चार्टर हाउस जो प्रकृति की गोद में स्थित था, कक्षा कार्य न होने या अवकाश
के क्षणों में बेडेन पावेल जंगल में घुस जाया करते थे। वहीं कौतूहलवश व आनन्द के लिए पशु-पक्षियों को पकड़ने का प्रयत्न करना, उनकी हरकतों व बोलियों व उनके बनाए गए पद चिह्नों का अध्ययन करना, किसी भी चीज को देखकर उसका मतलब निकालना, अपने को छिपाकर, साँस रोककर, जमीन पर लेटकर रेंगते हुए उनका पीछा करना आदि अनेक कार्य करते थे, जो आगे चलकर विभिन्न युद्धों में बड़े सहायक सिद्ध हुए।
3. सेना के अफसर के रूप में भारत, अफ्रीका आदि देशों में वहाँ के रहने वाले लोगों के खानपान, रहन-सहन, रीति-रिवाजों, विभिन्न कबीलों की व्यवस्थाओं व उनके नियमों आदि को जानने का अवसर बेडेन पावेल को मिला।
4. नाइट्स जो एक तरह के स्काउट्स ही होते थे, उनकी नियमावली व कार्यकलापों को देखा।
5. 1899 में दक्षिण अफ्रीका के मेफकिंग, जो अंग्रेजों के अधीन था, उस पर बोअर (एक कबीला) ने हमला कर दिया। यहाँ अंग्रेज सैनिकों की संख्या काफी कम थी तथा हमलावर भारी संख्या में तथा साहसी थे, से मुकाबला करने की जो युक्ति प्रयोग में लाई गई, वही स्काउटिंग की उत्पत्ति का असली कारण बनी।

व्यंजन (Consonants) क्रमांक-04

व्यंजन- जिन वर्णों का उच्चारण करने में स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है, व्यंजन कहलाते हैं। ये स्वतंत्र नहीं होते है। जब किसी व्यंजन से स्वर हटा दिया जाता है तो उसके नीचे हलंत चिह्न(्) लगा दिया जाता है।
सामान्यतया सभी व्यंजनों में'अ' स्वर मिला होता है;
जैसे-क्+अ=क।

व्यंजन के भेद-
क- स्पर्श व्यंजन ख-अंतस्थ व्यंजन ग-ऊष्म व्यंजन

क- स्पर्श व्यंजन- वर्णमाला के 'क' से 'म' तक के व्यंजन स्पर्श व्यंजन कहलाते हैं।
इन्हें पाँच वर्गों में बाँटा गया है।प्रत्येक वर्ग में पाँच वर्ण हैं।
प्रत्येक वर्ग के प्रथम वर्ण के नाम पर उस वर्ग का नाम रखा गया है; जैसे-'क'वर्ग, 'च' वर्ग, 'ट' वर्ग।

ख-अंत:स्थ व्यंजन- ये चार होते हैं-
य र ल व
ग-ऊष्म व्यंजन- ये भी चार होते हैं-
श ष स ह

उच्चारण स्थान	व्यंजन						वर्ग	
कंठ	क	ख	ग	घ	ङ		(क वर्ग)	स्पर्श व्यंजन
तालु	च	छ	ज	झ	ञ		(च वर्ग)	
मूर्धा	ट	ठ	ड	ढ	ण	ड़ ढ़	(ट वर्ग)	
दंत	त	थ	द	ध	न		(त वर्ग)	
ओष्ठ	प	फ	ब	भ	म		(प वर्ग)	
	य	र	ल	व			अंतस्थ व्यंजन	
	श	ष	स	ह			ऊष्म व्यंजन	

संयुक्त व्यंजन- जब दो व्यंजन परस्पर जुड़कर एक नया रूप ले लेते है, तब वे संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं।
जैसे-क्ष= क्+ ष्+अ, त्र=त्+र्+अ
ज्ञ=ज्+ञ्+अ, श्र=श्+र्+क

गृहकार्य-
क-व्यंजन कितने प्रकार के होते हैं?
ख-ऊष्म व्यंजन में कौन-कौन से वर्ण आते हैं?
ग-स्मरण रखें व उत्तरपुस्तिका में लिखें-
घ-संयुक्त व्यंजन के नाम लिखें-